Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to reduce indices of stunting and wasting to reduce malnutrition.

श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद):अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से देश की महत्वपूर्ण समस्या, जो किसी क्षेत्र विशेष की नहीं है, बल्कि पूरे देश में कुपोषण और बच्चों में विकलांगता के बारे में कहना चाहता हूं। यह विशेषकर गरीब परिवार के बच्चों और जच्चा, दोनों के लिए बड़ी गंभीर समस्या है। हाल की एक रिपोर्ट है, उसमें दर्शाया गया है कि देश में गरीबों की संख्या घटी है, लेकिन यह समस्या केवल गरीबी के कारण नहीं है। मेरे संसदीय क्षेत्र औरंगाबाद के दो जिले नक्सलवाद प्रभावित जिले होने के कारण सामाजिक, आर्थिक पिछड़ेपन के कारण मेरे क्षेत्र में यह समस्या कुछ अधिक है। गर्भवती माताओं में नॉन स्टेपल खाद्य पदार्थों की खपत बढ़ाने का अनुरोध मेरी तरफ से है। स्वच्छता एवं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सरकार की तरफ से होनी चाहिए। तीसरा लैंगिक समानता और चौथा राष्ट्रीय खाद्य उपलब्धता होनी चाहिए। ये सारी योजनाएं सरकार की तरफ से चलाई जा रही हैं, लेकिन इन पर ज्यादा जोर देने की आवश्यकता है, ताकि विकलांगता और कुपोषण की समस्या नियंत्रित हो सके।

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल और

डॉ. कुलमणि सामल को

श्री सुशील कुमार सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।